PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Tue, 09 May 2017, Page 14
Width: 5.84 cms, Height: 14.70 cms, a4, Ref: 37.2017-05-09.169

सुकमा भेजे जाएंगे 2000 कोबरा कमांडो

नई दिल्ली, प्रेट्र : सीआरपीएफ जल्दी ही छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले और आसपास में 2000 कमांडो से लैस दस्ता तैनात करेगा। नक्सलियों और उनके हथियारों को तबाह करने के लिए भेजे जाने वाले कमांडो विशेष छापामार दस्ता कोबरा बटालियन के होंगे।

सुकमा और उसके आसपास के इलाकों में नक्सली घात लगाकर सुरक्षा बलों को निशाना बनाते रहे हैं। हाल ही में नक्सलियों के इसी तरह के हमले में सीआरपीएफ के 25 जवान शहीद हो गए। जिले के बुर्कापल इलाके में 24 अप्रैल को हमला हुआ था। इसी तरह सुकमा में ही 11 मार्च को नक्सलियों द्वारा किए गए हमले में सीओरपीएफ के 12 जवान मारे गए थे।

तैयारी से जुड़े एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि अर्धसैनिक बल ने कोबरा (कमांडो बटालियन फार रिसोलुट एक्शन) की कम से कम 20 से 25 कंपनियां भेजने की योजना बनाई है। ये कंपनियां अभी पश्चिम बंगाल, बिहार, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में हैं। इन्हें सुकमा भेजा जाएगा।